नाम राज आर्यन अनु0 23

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा : 2024–2025

कक्षा : 10

पूर्णांक : 70 विषय : हिन्दी (केवल प्रश्नपत्र) समय : 3:15 घंटे

**नोट :प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।**
**: प्रश्न–पत्र दो खण्डों, खण्ड– अ खण्ड–ब में विभाजित है।**
**: खण्ड– अ में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न दिये गए हैं।**
**: खण्ड–ब में 50 अंक के वर्णानात्मक प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख दिए गए हैं।**

## खण्ड– "अ"

**बहुविकल्पीय प्रश्न–**

1. हिन्दी का प्रथम उपन्यास है– 01
   अ) परीक्षा गुरु ब) बाणभट्ट की आत्मकथा
   स) गोदान द) इनमें से कोई नहीं
2. रामचन्द्र शुक्ल द्वारा लिखा गया ग्रन्थ है' 01
   अ) हिन्दी साहित्य का का आदिकाल ब) हिन्दी साहित्य का इतिहास
   स) हिन्दी भाषा का इतिहास द) देवनागरी का इतिहास
3. निम्न में से सरस्वती किस युग की पत्रिका है– 01
   अ) छायावादी युग की ब) द्विवेदी युग की
   स) भारतेन्दु युग की द) प्रगतिवादी युग की
4. शुक्लोत्तर (छायावादोत्तर) युग का काल खण्ड है– 01
   अ) सन् 1919 ई. से 1938 ई. तक ब) सन् 1868 ई. से 1900 ई. तक
   स) सन् 1900 ई. से 1922 ई. तक द) सन् 1938 ई. से 1947 ई. तक
5. 'आनन्द कादम्बिनी' के सम्पादक थे– 01
   अ) बद्री नारायण चौधरी 'प्रेमधन' ब) बालकृष्ण भट्ट
   स) राधाचरण गोस्वामी द) प्रताप नरायण मिश्र
6. निम्नलिखित में कौन–सी कृति रीतिकाल में लिखी गई– 01
   अ) विनय पत्रिका ब) साकेत
   स) बिहारी सतसई द) पृथ्वीराज रासो
7. रीतिमुक्त काव्यधारा के कवि हैं– 01
   अ) सेनापति ब) घनानन्द
   स) वृन्द द) बिहारी
8. रीतिकाल का अन्य नाम है– 01
   अ) उद्भव काल ब) स्वर्ण काल
   स) संक्रान्ति काल द) श्रृंगार काल

01

9. खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य है–

अ) प्रियप्रवास
ब) कामायनी
स) वैदेही वनवास
द) साकेत

10. दूसरा सप्तक के सम्पादक थे–

अ) बालकृष्ण शर्मा
ब) रामेश्वर शुक्ल
स) अज्ञेय
द) रामधारी सिंह 'दिनकर'

11. "पूछति ग्राम वधू सिय सों 'कहो साँवरे' सखि रावरे को हैं?" निम्नलिखित पंक्ति में कौन–सा रस है? 01

अ) वीर ब) हास्य स) शान्त द) करुण

12. जहाँ उपमेय में उपमान का भेदहित आरोप किया जाता है वहाँ पर कौन–सा अलंकार होता है– 01

अ) उपमा ब) यमक स) उत्प्रेक्षा द) रूपक

01

13. रोला के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं–

अ) 24 ब) 30 स) 20 द) 25

01

14. 'अविश्वस' में उपसर्ग है–

अ) अप ब) अ स) आ द) अवि

01

15. 'हानि–लाभ' में समास है–

अ) द्विगु ब) कर्मधारय स) द्वन्द्व द) बहुब्रीहि

01

16. कमल, राजीव, जलज आदि कहलाते हैं–

अ) प्रत्यय ब) उपसर्ग स) विलोम द) पर्यायवाची

01

17. 'युष्मद्' शब्द का सप्तमी विभक्ति बहुवचन रूप होगा–

अ) युष्मासु ब) यूयम् स) युष्मत द) युष्माभि

01

18. अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार होते हैं–

अ) तीन ब) आठ स) चार द) पाँच

01

19. 'अवनि चाय बना रही है' वाक्य में वाच्य है–

अ) भाववाच्य ब) कर्मवाच्य स) कर्तृवाच्य द) इनमें से कोई नहीं

20. अविकारी पद को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

अ) विकारी पद ब) अपव्यय पद स) व्यय पद द) अव्यय पद

## खण्ड– "ब"

21. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 06

क) कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीत और सदवृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन–दिन अवनति के गढ्डे में गिराती जायेगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाले बाहु के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जायेगी।

अ) प्रस्तुत अवतरण के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

स) बुरी संगति से व्यक्ति की क्या हानि होती है?

ख) अगर असम की पहाड़ियों में वर्ष में तीन सौ इंच वर्षा मिलेगी तो जैसलमेर की तप्तभूमि भी मिलेगी, जहाँ रात में दो–चार इंच भी वर्षा नहीं हजोती। कोई ऐसा अन्न नहीं, जो यहाँ उत्पन्न न किया जाता हो। कोई ऐसा फल नहीं, जो यहाँ पैदा नहीं किया जा सके। कोई ऐसा खरिज पदार्थ नहीं जो यहाँ के भू–गर्भ में न पाया जाता हो और न कोई ऐसा वृक्ष अथवा जानवर है, जो यहाँ फैले हुए जंगलों में न मिले। यदि इस सिद्धान्त को देखना हो कि आब–हवा का असर इंसान के रहन–सहन, खान–पान, शरीर और मस्तिष्क पर पड़ता है तो उसका जीता–जागता सबूत भारत में बसने वाले भिन्न–भिन्न प्रान्तों के लोग देते हैं।

अ) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

स) भारत में वर्षा का वितरण कैसा है?

**22. निम्नांकित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **06**

क) सुनि सुन्दर बैन सुधारस–साने, सयानी हैं जानकी जानी भली।
तिरछे करि नैन दे सैन तिन्हें समुझाई कछु मुसकाई चली।।
तुलसी तेहि औसर सोहैं सबै अवलोकति लोचन–लाहु अली।
अनुराग–तड़ाग में भानु उदैं गिसीं मनो मंजुल कंज–कली।।

अ) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

स) 'अनुराग–तड़ाग' का क्या अर्थ है?

ख) दुसह दूराज प्रजानु कौं, क्यौं न बढ़ै दुख–दंदु।
अधिक अंधेरौ जग करत, मिलि मावस रवि–चंदु

अ) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

स) किस राज्य की प्रजा का दुःख दोगुना हो जाता है?

**23. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए–** **05**

1. आचार्य रामचन्द्र 2. जयशंकर प्रसद 3. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए–** **05**

1. सूरदास 2. तुलसीदास 3. महादेवी वर्मा

**24. क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए–** **05**

अ) एषा नगरी भारतीय संस्कृतेः संस्कृत भाषायाश्च केन्द्रस्थलम् अस्ति। इत एवं सस्कृतवांङ्यस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसूतः। मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय दर्शन–शस्त्राणाम् अध्ययनम्! अकरोत्। स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसीभाषायां कारितः।



(P.T.O.)

ख) एकदा बहवः जनाः धूमयानम् (रेलगाड़ी) आरुह्य नगरं प्रति गच्छन्ति स्म। तेषु केचित् ग्रामीणाः केचिच्च नागरिकाः आसन्। मौनं स्थितेषु तेषु एकः नागरिकः ग्रामीणान् उपहसन् अकथयत्, "ग्रामीणाः अद्यापि पूर्ववत् अशिक्षिताः अज्ञाश्च सन्ति। न तेषां विकासः अभवत् न च भवितुं शक्नोति।" तस्य तादृशं जल्पनं श्रुत्वा कोऽपि चतुरः ग्रामीणः अब्रवीत्, "भद्र नागरिक! भवान् एवं किञ्चित् ब्रवीतु, यतो हि भवान् शिक्षितः बहुज्ञः च अस्ति।"

**ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए–** **05**

अ) मरणं मंगले यत्र विभूतिश्च विभूषणम्।
कौपीन यत्र कौशेय सा का शी केन मीयते।।

ब) उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः।।

ग) अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न–पत्र में न आया हो। 02

घ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए– **02**

अ) कुत्र मरण मंगलं भवति
ब) पुरूराजः कः आसीत्?
स) ज्ञाने कुत्र सम्भवति?
द) वीरः केन पूज्यते?
य) पदेन विना किं दूरं याति?

25. शुल्क–मुक्ति हेतु अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए 04

अथवा

बिजली समस्या के निराकरण हेतु अपने जिले के बिजली विभाग को एक शिकायती पत्र लिखिए– 04

**26. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखिए–** **07**

अ) विज्ञानः वरदान या अभिशाप
ब) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
स) प्रदूषणः समस्या और समाधान
द) बेरोजगारी की समस्या
य) स्वदेश प्रेम।

27. 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर महात्मा गाँधी का चरित्र–चित्रण कीजिए–

अथवा 03

'मुक्तिदूत खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश लिखिए।

model paper.info